राजस्थान यूनिवर्सिटी में आर.एल.पी. और छात्र नेताओं का हंगामा-उपद्रव

पुलिस और छात्रों के बीच झड़प हुई, दो दर्जन प्रदर्शनकारी हिरासत में

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) और छात्र नेताओं ने शुक्रवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और छात्रों के बीच तीखी झड़प हो गई। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए करीब दो दर्जन प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया, जबकि अन्य छात्रों को मौके से खदेड़ दिया गया।

छात्र नेता कमल चौधरी ने बताया कि भैराणा में प्रस्तावित इंडस्ट्रियल एरिया और आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल द्वारा मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल पर की गई विवादित टिप्पणी के बाद यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था। भाजपा नेताओं की ओर से बेनीवाल के बयान की आलोचना के विरोध में आरएलपी कार्यकर्ता और छात्र विश्वविद्यालय परिसर में जुटे है।

जहां प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय से बाहर विरोध मार्च निकालने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन पहले से तैनात पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस और छात्रों के बीच धक्का-मुक्की और बहस शुरू हो गई, जो बाद में उग्र हो गई। स्थिति नियंत्रण से बाहर होने पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए बल प्रयोग किया।

आर.एल.पी. सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल द्वारा मुख्यमंत्री व मंत्रिमंडल पर की गई विवादित टिप्पणी के विरोध में राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्र नेताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस बीच आर.एल.पी. के कार्यकर्ता व समर्थक छात्र भी वहां पहुंचे गए। यहां बिगड़े हालातों को काबू करते हुए पुलिस ने कई लोगों को पकड़ा।

■ **छात्र नेता कमल चौधरी ने बताया कि भैराणा में प्रस्तावित इंडस्ट्रियल एरिया और आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल द्वारा मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल पर की गई विवादित टिप्पणी के बाद यह विरोध प्रदर्शन किया गया था। भाजपा नेताओं की ओर से बेनीवाल के बयान की आलोचना के विरोध में आरएलपी कार्यकर्ता और छात्र यहां घुसे हैं।**

इस कार्रवाई के दौरान कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और पुलिस ने लाठियां भांजते हुए भीड को तितर-बितर किया। प्रदर्शन में शामिल छात्र नेता कमल चौधरी ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार छात्रसंघ, पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव समय पर नहीं करा रही है तथा विभिन्न मुद्दों पर जनता परेशान है।

आरएलपी नेता लादूराम गोदारा ने कहा कि बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों को लेकर जनता नाराज है। वहीं मानाराम ढोलिया ने कहा कि भैराणा धाम से जुड़े आंदोलन की सरकार ने अनदेखी की है और छात्र हितों के मुद्दे को लेकर विश्वविद्यालय से आवाज उठाई गई है।

जयपुर जेल में मिला बिना सिम का कीपैड फोन और बैटरी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजधानी की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली केंद्रीय कारागार में सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर मोबाइल पहुंचने का सिलसिला थम नहीं रहा है। जेल परिसर में एक बार फिर लावारिस हालत में मोबाइल फोन मिलने का गंभीर मामला सामने आया है। जेल प्रशासन की मुस्तैदी के चलते रुटीन चेकिंग के दौरान यह मोबाइल बरामद किया गया, जिसके बाद लालकोठी थाना पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

हेड कांस्टेबल जुगल किशोर के अनुसार बुधवार शाम करीब 5:45 बजे सेंट्रल जेल प्रशासन की ओर से जेल की बैरकों और संवेदनशील इलाकों में रुटीन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सुरक्षा प्रहरी को वार्ड नंबर-9 की बैरक नंबर-4 के पीछे बने शौचालय के पास कुछ संदिग्ध नजर आया। गहनता से जांच करने पर वहां लावारिस हालत में छिपाकर रखा गया एक काले रंग का कीपैड मोबाइल फोन बरामद हुआ।

जेल प्रहरियों ने जब फोन को जब्त किया तो उसमें सिम कार्ड मौजूद नहीं था, जबकि मोबाइल की बैटरी फोन से अलग निकाली हुई थी। जेल प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बरामद लावारिस मोबाइल फोन को जब्त कर लिया। कारागृह प्रबंधक विजय सिंह ने गुरुवार को थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने जब्तशुदा मोबाइल के ईएमआई नंबर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

फ्लिपकार्ट डिलीवरी में फर्जीवाड़ा करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

महंगे आईफोन निकालकर डिब्बों में रखते थे डमी प्रोडक्ट

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजधानी में ऑनलाइन शॉपिंग कंपनियों और डिलीवरी नेटवर्क को निशाना बनाकर महंगे मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक सामान हड़पने वाले एक हाईटेक गिरोह का जामडोली थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है।

पुलिस ने फ्लिपकार्ट से महंगे आईफोन, एंड्रॉयड फोन और आईपैड मंगाकर असली प्रोडक्ट निकालने और उनकी जगह डमी प्रोडक्ट रखकर धोखाधड़ी करने वाले तीन शातिर आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों के कब्जे से करीब 5 लाख रुपए कीमत के चार महंगे मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

■ **पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 5 लाख रुपए कीमत के 4 महंगे मोबाइल फोन बरामद किए**

पुलिस उपायुक्त (जयपुर पूर्व) रंजिता शर्मा ने बताया कि जामडोली थाना पुलिस ने फ्लिपकार्ट से महंगे आईफोन, एंड्रॉयड फोन और आईपैड मंगाकर असली प्रोडक्ट निकालने और उनकी जगह डमी प्रोडक्ट रखकर धोखाधड़ी करने वाले अनिल चौधरी (24) निवासी जयपुर ग्रामीण, भरत जागा (26) निवासी दौसा और राहुल मीणा (24) निवासी करौली हाल राजविहार कॉलोनी जामडोली को गिरफ्तार हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से एक आईफोन और तीन प्रीमियम सैमसंग एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए हैं।

जामडोली थाना पुलिस ने फ्लिपकार्ट की डिलीवरी में महंगे सामान चुराने वाले बदमाशो को गिरफ्तार किया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपित ऑनलाइन महंगे मोबाइल और गैजेट ऑर्डर करते थे। डिलीवरी के दौरान असली सामान निकालकर उसकी जगह हूबहू दिखने वाले नकली डमी प्रोडक्ट पैक कर देते थे, जिससे कंपनी और डिलीवरी पार्टनर को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचता था। पुलिस अब आरोपितों से पूछताछ कर शेष मोबाइल, आईपैड और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। इसके अलावा इस मामले में डिलीवरी नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

थानाधिकारी रतन सिंह कविया ने बताया कि 13 अप्रैल 2026 को लोड शेयर डिलीवरी कंपनी के संचालक धीरज सिंह ने जामडोली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फ्लिपकार्ट के 15 असली प्रोडक्ट्स की जगह डिलीवरी चैन में किसी ने डमी प्रोडक्ट रख दिए। वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल एवं सहायक पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी सहायता और ट्रैकिंग के जरिए जामडोली के राजविहार कॉलोनी स्थित एक ठिकाने पर दबिश देकर तीन आरोपितों को धर-दबोचा।

पैंशनधारियों को अब विभागीय फोटोयुक्त पहचान पत्र मिलेगा

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम का नवाचार

जयपुर (कासं)। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने अपने पैंशनधारियों व पारिवारिक पैंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। निगम प्रशासन द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार अब उत्पादन निगम के पैंशनधारियों एवं पारिवारिक पैंशनधारियों को उनकी पहचान एवं आवश्यक कार्यों में सुविधा प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा आधिकारिक फोटोयुक्त पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

बताया जा रहा है लंबे समय से इस संबंध में मांग की जा रही थी। विभिन्न स्तरों पर प्राप्त सुझावों एवं मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए यह निर्णय लिया गया है। यह पहचान पत्र पैंशन या पारिवारिक पेंशन पीपीओ के आधार पर जारी किए जाएंगे।

यह पहचान पत्र पेंशनर्स के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में कार्य करेगा तथा उन्हें विभिन्न प्रशासनिक एवं औपचारिक प्रक्रियाओं में सुविधा प्रदान करेगा।

फोटोयुक्त पहचान पत्र प्राप्त करने के इच्छुक सेवानिवृत्त पैंशनधारियों एवं पारिवारिक पैंशनधारियों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र वरिष्ठ लेखाधिकारी (पेंशन), राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम, जयपुर को प्रस्तुत करना होगा।

तकनीशियन-तृतीय भर्ती का अंतिम परिणाम जून में

जयपुर (कासं)। विद्युत निगमों में तकनीशियन-तृतीय (आईटीआई)/ ऑपरेटर-तृतीय (आईटीआई)/ प्लांट अटेंडेन्ट-तृतीय (आईटीआई) के 2163 पदों पर आयोजित भर्ती का अंतिम परीक्षा परिणाम जून माह के प्रथम सप्ताह से जारी किया जाना संभावित है। इस भर्ती की नोडल एजेंसी राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा 1 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक तथा 23 अप्रैल को दस्तावेजों का सत्यापन करवाया गया है। उत्पादन निगम प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई है कि अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत कुछ दस्तावेजों का विभिन्न स्तरों पर सत्यापन का कार्य अंतिम चरण में है। दस्तावेज सत्यापन का कार्य पूर्ण होते ही जून के प्रथम सप्ताह से समूहवार अंतिम परीक्षा परिणाम चरणबद्ध तरीके से जारी किये जावेंगे।

थार गाड़ी दौड़ाकर सड़क पर खड़े वाहनों को टक्कर मारने वाला बदमाश गिरफ्तार

जयपुर । बजाज नगर थाना पुलिस ने एक कार्रवाई करते हुए लापरवाही से वाहन चलाकर सड़क पर खड़े दूसरे वाहनों को टक्कर मारने और मौके से फरार होने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई काली थार जीप भी बरामद कर ली है। यह पूरी कार्रवाई सीसीटीवी फुटेज और पुख्ता सूचना के आधार पर की गई है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि बीते 22 मई 2026 की रात को अर्जुन नगर फाटक के पास बरकत नगर इलाके में एक तेज रफ्तार थार जीप के चालक ने वहां खड़े कई वाहनों को बेरहमी से टक्कर मार दी थी। इस हादसे के बाद आरोपी गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया था। घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल के सुपरविजन और सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर विनोद कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम का नेतृत्व बजाज नगर थानाधिकारी जितेंद्र कुमार कर रहे थे।

■ **बजाज नगर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त थार बरामद की**

टीम के सदस्यों (एएसआई मुकेश चंद्र, कांस्टेबल राम अवतार और कांस्टेबल महेंद्र कुमार) ने घटनास्थल और आसपास की कॉलोनी में लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। आखिरकार, सीसीटीवी फुटेज की मदद से दुर्घटना करने वाली थार जीप की पहचान की गई और आरोपी का सुराग लगाया गया।

पुलिस ने लगातार पीछा करते हुए आरोपी चालक सोनू दायमा (28) को धर दबोचा। आरोपी मूल रूप से झुंझुनूं जिले की खेतड़ी तहसील के मेहाड़ा ग्राम का रहने वाला है, जो फिलहाल जयपुर के मानसरोवर स्थित गायत्री नगर (पटेल नगर) में एक फ्लैट में किराए पर रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त थार जीपको भी जब्त कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से अन्य मामलों को लेकर भी पूछताछ कर रही है।

सार-समाचार

हीरेन्द्र की गायकी का रुहानी अंदाज छाया

जयपुर। देश के मशहूर शायरों की रुहानी व रुमानी कलामों को कलाकार हीरेन्द्र कुमार भट्ट ने अपनी पुरकशिश आवाज में विभिन्न सुरीली रागों में संवाकर मौजूद दानिशमंद श्रोताओं को आनंदित कर दिया। मौका था संगीत आश्रम संस्थान के दो दिवसीय संगीत समारोह। शुक्रवार शाम वत्सल अनुपम के निर्देशन में शास्त्रीनगर स्थित संस्थान परिसर में सजी शाम-ए-गजल महफिल में हाल जन्नतनशीं आला अंदाज के अजीम शायर बशीर बद्र की लिखी गजल मिल भी जाते...को नजाकत व नफासत से पेश कर शिद्दत से उन्हें याद कराया। इस सिंगर ने सुर, लय और ताल की उम्दा बानगी के साथ दिलों को छू लेने वाली गजलों को पेश कर माहौल को सुकून से भर दिया। कार्यक्रम में मशहूर शायर क़तील शिफाई की गजल दूर तक बादल छाए..., शकील बदायूंनी की रचना बन बना के..., गीतकार आनंद बक्शी की शब्द रचना चिट्ठी आई है..., सुदर्शन फाकिर की रचना ये दौलत भी ले लो..., जावेद अख्तर की रचना तुमको देखा तो ये..., राजेन्द्र नाथ रहबर की लिखी रचना तेरे खुशबू में बसे खत...को पेश कर असल जिन्दगी के फल्सफे से रूबरू कराया। वायलिन पर गुलजार हुसैन, गिटार पर बिलाल हुसैन और तबले जयान हुसैन ने दमदार संगत की। संचालन आरडी अग्रवाल ने किया। संस्थान सचिव अमित अनुपम ने बताया कि संगीत समारोह के आखिरी दिन 30 मई, शनिवार शाम 5.00 बजे अनेक बाल व युवा कलाकार में अपनी आवाज में बॉलीवुड के मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर रोशन के संगीतबद्ध गीतों की माला पिरोएंगे।

माधुरी को पीएचईडी की उपाधि मिली

जयपुर । माधुरी शर्मा को महाराजा विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी जयपुर की ओर से पीएचईडी की उपाधि प्रदान की गई है। इन्हें यह उपाधि ऑनलाईन सेक्सुअल असॉल्ट ऑफ चिल्ड्न एंड प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्न फ्रॉम पोर्नोग्राफी विषय पर शोध के लिए दी गई है। इन्होंने अपना शोध कार्य डीन डॉ. महेन्द्र तिवाड़ी के निर्देशन में पूरा किया है। उनके परिजन और मित्रों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

वंचित पैंशनधारकों का सत्यापन 15 दिन में

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने पेंशन सत्यापन से वंचित पैंशनधारकों का जिला स्तर पर अभियान चलाकर आगामी 15 दिवसों में सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी कलेक्टर्स को निर्देशित करने के निर्देश दिए। गहलोत शुक्रवार को मुख्यालय अंबेडकर भवन में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में लगभग 89 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स हैं, इनमें से 96.50 प्रतिशत पेंशनधारकों का सत्यापन हो चुका है, शेष 3.50 फीसदी पेंशनधारकों का आगामी 15 दिनों में अभियान चलाकर सत्यापन करें। जिन 5 जिलों में सत्यापन से लंबित सर्वाधिक प्रकरण हैं, वहां मुख्यालय से अधिकारियों को भेजकर प्रकरण निस्तारण कराने के भी निर्देश दिए। मंत्री गहलोत ने बैठक में छात्रवृत्ति, पेंशन, पालनहार, अंतरजातीय विवाह, नवजीवन, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग, दिव्यांग स्कूटी, सिलिकोसिस योजना, नशामुक्ति केंद्र, देवनारायण संबंधी अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर प्रगति की जानकारी ली। अतिरिक्त मुख्य सचिव दिनेश कुमार ने विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी और विभागीय प्रगति से अवगत कराया। बैठक में आयुक्त विशेष योग्यजन निदेशालय इकबाल खान, निदेशक ललित कुमार, अतिरिक्त निदेशक पंकज ओझा, निजी सचिव रोहित कुमार, जेपी बैरवा, नसीम खान, रीना शर्मा, सूंडाराम मीणा, अशोक जांगिड़, अरविंद सैनी, ओपी मीणा मौजूद थे।

छात्रवृत्ति आवेदन 30 जून तक लिए जाएंगे

जयपुर । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के निर्देश पर शैक्षिणक सत्र 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि को एक बार फिर बढ़ाकर 30 जून 2026 कर दिया है। इस तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। गहलोत ने कहा कि प्रदेश के छात्र छात्राओं के हित को देखते हुए तिथि को 31 मई से बढ़ाकर 30 जून किया गया है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं से संबंधित केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन दिशा-निर्देश की विस्तृत जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट विजिट कर सकते हैं।

सोलर एनर्जी प्लांट का लोकार्पण

जयपुर। जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने मानसरोवर स्थित विकास समिति सेक्टर-12 जयपुर द्वारा संधारित एवं संचालित सामुदायिक केंद्र में सांसद कोष से स्थापित सोलर एनर्जी प्लांट का लोकार्पण किया। इस सोलर एनर्जी प्लांट को स्थापित करने के लिए मंजू शर्मा ने सांसद कोष से 8 लाख रूपये की राशि मंजूर की थी। उन्होंने आमजन को भी घरों पर सोलर एनर्जी प्लांट लगाने का आव्हान किया। मंजू शर्मा ने कहा कि, सरकार द्वारा देय सब्सीडी के कारण यह प्लांट अपनी मूल लागत से काफी सस्ते पड़ते है, इससे विद्युत उत्पादन होता है और उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत मिलती है। राजस्थान तो सौर्य उर्जा की खान है इसलिए हमें इस योजना सफल बनाने के लिए अपने घरो पर भी सोलर प्लांट लगा कर उर्जा की बचत करनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता, सामुदायिक केन्द्र के कॉर्डिनेटर राजस्थान आवासन मण्डल के अतिरिक्त मुख्य अभियंता कृष्ण कुमार दीक्षित ने की। विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश चन्द जैन ने सांसद कोष से दी गई धनराशि के लिए मंजू शर्मा का आभार जताया। महामंत्री श्याम सुन्दर सारस्वत ने विकास समिति के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

डाक जीवन बीमा के मृत्यु दावा का 33.14 लाख रुपए क्लेम वितरित

जयपुर । डाक विभाग ने अपनी योजना "डाक जीवन बीमा" के पॉलिसी धारक गौरव कुमार शर्मा की आकस्मिक मृत्यु के बाद नॉमिनी उनकी पत्नी दीपिका हारीत को दो बीमा पॉलिसियों का कुल मृत्यु दावा भुगतान 33.14 लाख रु. का चैक सौंपा। यह चैक जयपुर नगर मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर मोहन सिंह मीना ने सुपुर्द किया।

प्रवर अधीक्षक मोहन सिंह मीना ने बताया कि इस योजना में मृतक द्वारा कुल राशि मात्र 6 लाख रुपए जमा कराइ गई थी, और यह पॉलिसी मात्र 10- 11 वर्ष चली थी। मृतक गौरव शर्मा अध्यापक के पद पर कार्यरत थे एवं उनकी मृत्यु हृदय गति रुकने से मार्च 2026 में मृत्यु हो गई थी । नॉमिनी द्वारा मृत्यु दावा पेश करने के कुछ ही दिनों के भीतर भारतीय डाक विभाग ने सभी प्रकार की औपचारिकताएं शीघ्रता से पूरी कर रूपये 33 लाख 14 हजार 648 रुपए का चैक शुक्रवार को जारी किया। इसी क्रम में एक और अन्य मृत्यु दावा भुगतान नॉमिनी गुणेश्वरी देवी को 14.86 लाख रुपए का चैक सौंपकर किया गया।

एआई से युवती की अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने वाला बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। करधनी थाना पुलिस ने एक युवती के फोटो-वीडियो को एआई तकनीक से अश्लील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने और ब्लैकमेल करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साइबर इनपुट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी को श्रीगंगानगर में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के पास से फिल्मी स्टाइल में पीछा कर दबोचा है।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने एक युवती के फोटो-वीडियो को एआई तकनीक से अश्लील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने और ब्लैकमेल करने वाले मुख्य आरोपी निर्मल सिंह निवासी ओडकी (हिंदुमलकोट श्रीगंगानगर) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल हैंडसेट बरामद कर लिया है, जिससे अश्लील एडिटिंग और ब्लैकमेलिंग की जा रही थी। गहन अनुसंधान के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस अब मोबाइल के डेटा को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी ने किसी अन्य युवती को भी निशाना बनाया है या नहीं।

■ **फेसबुक-इंस्टाग्राम से तस्वीरें चुराकर एआई के जरिए करता था अश्लील एडिटिंग**

■ **युवती और उसके परिजनों को मैसेज व वीडियो कॉल के माध्यम से कर रहा था ब्लैकमेल**

करधनी थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि गत 17 मई 2026 को पीड़िता ने करधनी थाने में मामला दर्ज कराया था कि वह फेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग करती है, जहां वह अपने और परिवार के फोटो-वीडियो अपलोड करती थी। किसी अज्ञात बदमाश ने उसकी तस्वीरों और नाम का दुरुपयोग कर इंस्टाग्राम व फेसबुक पर फर्जी ग्रुप बना लिए। आरोपी ने एआई के माध्यम से पीड़िता की तस्वीरों को एडिट कर अश्लील (डीपफेक) बनाया और उन्हें पीड़िता के जान-पहचान वालों को भेजने लगा। यही नहीं, आरोपी पीड़िता और उसके परिवार पर भद्दे कमेंट्स कर रहा था और वीडियो कॉल करने के लिए दबाव बनाकर ब्लैकमेल कर रहा था। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त (झोटवाड़ा) आलोक कुमार के सुपरविजन में एक विशेष साइबर और पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने जब तकनीकी साक्ष्यों और साइबर सेल की मदद ली और आरोपी की लोकेशन मिलते ही पुलिस टीम को तुरंत श्रीगंगानगर के भारत-पाकिस्तान बॉर्डर इलाके में स्थित हिन्दूमलकोट रवाना हुई। जहां स्थानीय पुलिस के सहयोग से टीम ने जाल बिछाया, लेकिन पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा। पुलिस टीम ने बेहद सूझबूझ और बहादुरी का परिचय देते हुए कई किलोमीटर तक पीछा किया और आखिरकार अंतरराष्ट्रीय सीमा (बॉर्डर) के पास से आरोपी निर्मल सिंह को दस्तयाब कर लिया।

राजस्थान में कृषि विकास का रोडमैप जल्द होगा तैयार : डॉ. किरोड़ीलाल

जयपुर । कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने शुक्रवार को नई दिल्ली के पूसा में आयोजित राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन में राजस्थान के कृषि परिदृश्य पर पक्ष रखते हुए देशभर से आए कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों एवं विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों और कृषि क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श किया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की।

डॉ. किरोडी लाल मीणा ने कहा कि सम्मेलन में कृषि उत्पादकता वृद्धि, जलवायु-अनुकूल खेती, प्राकृतिक खेती, दलहन-तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता तथा डिजिटल कृषि जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा हुई है। इस दौरान राजस्थान सरकार की ओर से प्रदेश के किसानों के हितों, कृषि अवसंरचना को मजबूत करने एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव और अनुभव साझा किए। सम्मेलन में डॉ. मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत - समृद्ध किसान के संकल्प को साकार करने हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर किसानों की आय बढ़ाने, खेती को तकनीक से जोड़ने और राजस्थान के अन्नदाता को अधिक सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। डॉ. मीणा ने कहा कि किसानों के लिए सुलभ खेती हेतु समय पर खाद, बीज और पेस्टिसाइड किस तरह से उचित समय और उचित मूल्य पर मिले इसके लिए भी सम्मेलन के दौरान कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए जिन पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने शीघ्रता से कार्यवाही करने के आश्वासन दिया है।

■ **"कृषि अवसंरचना को मजबूत बनाने और राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध"**

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने नई दिल्ली में हुए राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन में शिरकत की।

डिजिटल अरेस्ट से बचाएगा सी.बी.आई. का "अभय"

जयपुर (कासं)। प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों और डिजिटल अरेस्ट जैसे हाईटेक फ्रॉड से आमजन को सुरक्षित रखने के लिए राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने विशेष एडवाइजरी जारी की है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) ने बताया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नागरिकों को फर्जी नोटिस और डिजिटल अरेस्ट स्कैम से बचाने के लिए 'अभय' नामक एआई आधारित नोटिस सत्यापन चैटबॉट विकसित किया है।

एडीजी वीके सिंह ने बताया कि इन दिनों साइबर अपराधी अदालतों, पुलिस और जांच एजेंसियों के नाम पर फर्जी अरेस्ट वारंट और नोटिस भेजकर लोगों को डराने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे मामलों में 'अभय' चैटबॉट किसी भी संदिग्ध नोटिस की वास्तविकता की तुरंत जांच कर असली और नकली नोटिस के बीच अंतर स्पष्ट करता है। उन्होंने बताया कि अभय यानी एक अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट है, जो 24 घंटे सक्रिय रहकर नागरिकों को साइबर ठगी से बचाने में मदद करता है। यह सिस्टम डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में लोगों को घबराने से रोकने और सही कानूनी सलाह देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। साइबर शाखा के अनुसार इस चैटबॉट में कई उन्नत तकनीकी सुविधाएं दी गई हैं। इसमें रीयल-टाइम अपडेट फीचर के जरिए नए साइबर फ्रॉड के तरीकों को तुरंत पहचानने की क्षमता है। इसके अलावा नो-पैनिक गाइडेंस फीचर के माध्यम से डरे हुए पीड़ितों को शांत रखते हुए चरणबद्ध कानूनी मार्गदर्शन दिया जाता है। गंभीर मामलों में ऑटो-रूटिंग सुविधा के जरिए यूजर को सीधे भारत सरकार के आधिकारिक शिकायत पोर्टल तक पहुंचाया जाता है। एआई आधारित स्वचालित प्रणाली होने के कारण यह चौबीसों घंटे बिना रुके सहायता उपलब्ध कराता है। एडीजी ने बताया कि चैटबॉट को विशेष रूप से ग्रामीणों, महिलाओं और बुजुर्गों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह हिंदी, अंग्रेजी सहित स्थानीय भाषाओं को समझने में सक्षम है, जिससे कम तकनीकी जानकारी रखने वाले लोग भी डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटॉर्शन और फर्जी लोन ऐप जैसे साइबर अपराधों के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।